आवश्यक सेवाओं के लिए बाहर निकलने वाले व्यक्तियों के लिए

- जहां तक संभव हो सके भीड़-भाड़ वाले वाहनों में यात्रा न करें। अगर पूरी तरह से संभव न हो तो कम भीड़ वाले कैब का इस्तेमाल करें। मंजूरी प्राप्त सार्वजनिक वाहन का प्रयोग करने की स्थिति में सामाजिक दूरी बरकरार रखे। वाहन से नीचे उतरने के बाद अपने हाथों को सैनिटाइज करें।
- सुनसान अथवा कम आबादी वाले इलाके में किसी व्यक्ति के सम्पर्क में आए बगैर चलना ठीक है। एक मीटर की व्यक्तिगत दूरी रखना अनिवार्य है।
- कार्यालय, शॉपिग इत्यादि से घर वापस आने पर अपने कपड़े उतार दें तथा अपने हाथों एवं पैरों को अच्छी तरह से धोएं। अच्छी आदत के रूप में बाहर जाने के लिए एक जैकेट अथवा एक स्वेट-शर्ट का इस्तेमाल करें, जिसे कार्यालय अथवा घर पहुंचने पर उउतार कर अलग रख सकते हैं।
- नियमित रूप से जल अथवा अन्य पेय पदार्थों का सेवन करें।
- सबसे महत्वपूर्ण बात कि अपने हाथों से चेहरे के किसी भी हिस्से को न छुएं।